प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

02 मार्च 2023

वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही के दौरान निजी कॉर्पोरेट कारोबार क्षेत्र का कार्यनिष्पादन

आज, भारतीय रिज़र्व बैंक ने वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही के दौरान निजी कॉर्पोरेट क्षेत्र के कार्यनिष्पादन से संबंधित आंकड़े जारी किए, जो 2,779 सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों के संक्षिप्त तिमाही वित्तीय परिणामों से लिए गए हैं। वर्ष 2021-22 की तीसरी तिमाही और 2022-23 की दूसरी तिमाही के आंकड़े भी तुलना करने के लिए प्रस्तुत (web-link https://dbie.rbi.org.in/DBIE/dbie.rbi?site=statistics#!2_42) किए गए हैं।

मुख्य बिंदु

बिक्री

- सूचीबद्ध निजी गैर-वित्तीय कंपनियों की बिक्री संवृद्धि (वर्ष-दर-वर्ष) 2022-23 की तीसरी तिमाही में घटकर 12.7 प्रतिशत रह गई, जो पिछली तिमाही में 22.6 प्रतिशत थी (तालिका 1ए)।
- विनिर्माण कंपनियों ने 2022-23 की तीसरी तिमाही में 10.6 प्रतिशत की कम बिक्री संवृद्धि दर्ज की, जो पिछली तिमाही में 20.9 प्रतिशत थी; यह कमी सीमेंट को छोड़कर, पूरे उद्योगों में वैविध्यपूर्ण थी (तालिका 2 ए और 5 ए)।
- सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियां उच्च संवृद्धि पथ पर बनी रहीं और हालिया तिमाही के दौरान बिक्री में 19.4 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि दर्ज की गई (तालिका 2 ए)।
- गैर-आईटी सेवा कंपनियों के लिए राजस्व संवृद्धि को व्यापार, परिवहन और दूरसंचार क्षेत्रों में स्थिर कार्यनिष्पादन से समर्थन मिला (तालिका 2 ए और 5 ए)।

व्यय

- अल्प बिक्री संवृद्धि और कतिपय निविष्टियों की कीमतों में नरमी के अनुरूप कच्चे माल पर निर्माण कंपनियों के व्यय में मामूली कमी आई है (तालिका 2 ए)।
- विनिर्माण, आईटी और गैर-आईटी सेवा कंपनियों के लिए कर्मचारियों की लागत में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर क्रमशः 8.8 प्रतिशत, 21.8 प्रतिशत और 18.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई (तालिका 2 ए और 2 बी)।
- विनिर्माण, आईटी और गैर-आईटी सेवा कंपनियों के लिए बिक्री की तुलना में कर्मचारियों की लागत का अनुपात क्रमशः 5.3 प्रतिशत, 49.6 प्रतिशत और 8.1 प्रतिशत रहा(तालिका 2 बी)।

लाभ

- 2022-23 की तीसरी तिमाही में लगातार दूसरी तिमाही के लिए वार्षिक (वर्ष-दर-वर्ष) आधार पर विनिर्माण कंपनियों के परिचालन लाभ में कमी आई; तथापि, आईटी और गैर-आईटी सेवा कंपनियों दोनों के परिचालन लाभ में वृद्धि हुई (तालिका 2ए)।

ब्याज

- अल्प लाभ के कारण विनिर्माण कंपनियों के ब्याज कवरेज अनुपात (आईसीआर)[1] में 2022-23 की तीसरी तिमाही के दौरान 6.3 तक (एक वर्ष पहले 8.6) की गिरावट आई, जबकि आईटी कंपनियों के लिए यह अनुपात 48.9 था (एक वर्ष पहले 61.3); गैर-आईटी सेवा कंपनियों का आईसीआर, परिवहन और आतिथ्य कंपनियों में सुधार के कारण एक से अधिक रहा (तालिका 2 बी और 5 बी)।

मूल्य निर्धारण क्षमता

- आईटी कंपनियों के लिए परिचालनगत लाभ मार्जिन स्थिर रहा और विनिर्माण कंपनियों के लिए बढ़ा; गैर-आईटी सेवा कंपनियों ने मुख्य रूप से दूरसंचार कंपनियों द्वारा दर्ज की गई हानि के कारण निवल हानि दर्ज करना जारी रखा (तालिका 2 बी और 5 बी)।

तालिकाओं की सूची

तालिका सं.		शीर्षक	
1	ए	सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन	संवृद्धि दर
	बी		चयनित अनुपात
2	ए	सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन – क्षेत्र-वार	संवृद्धि दर
	बी		चयनित अनुपात
3	ए	चुकता पूंजी के आकार के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन	संवृद्धि दर
	बी		चयनित अनुपात
4	ए	बिक्री के आकार के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन	संवृद्धि दर
	बी		चयनित अनुपात
5	ए	उद्योग के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन	संवृद्धि दर
	बी		चयनित अनुपात
व्याख्यात्मक टिप्पणियां			
शब्दावली			

[1] आईसीआर (अर्थात्, ब्याज से पहले की आय और ब्याज व्यय पर कर का अनुपात) एक कंपनी की ऋण सेवा क्षमता का एक उपाय है। व्यवहार्य आईसीआर के लिए न्यूनतम मूल्य 1 है

नोट:

- विभिन्न तिमाहियों में कंपनियों का कवरेज, परिणामों की घोषणा की तारीख के आधार पर भिन्न होता है; तथापि, इससे समग्र स्थिति में महत्वपूर्ण परिवर्तन की आशा नहीं है।
- संकलन पद्धति, और शब्दावली (पिछली रिलीज़ से भिन्न संशोधित परिभाषाओं और गणनाओं सहित) का विवरण देने वाले व्याख्यात्मक नोट संलग्न हैं।

अजीत प्रसाद
निदेशक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/1820